विषय: खुशखबरी: अब आप सौर पैनलों से अपने पैसों की बचत कर सकते हैं!

प्रिय <महोदय/महोदया>,

बहुत सारे लोग सौर पैनलों का चयन करके अपने पैसों की बचत कर रहे हैं। क्या आप ऐसे लोगों में शामिल होंगे?

**आपका घर सौर पैनलों के पूरी तरह से लिए उपयुक्त है**
यह एक अच्छी खबर है! क्योंकि हम आपको अपने घर को 4,6, 8 या 10 सौर पैनलों से जोड़ने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। और निस्संदेह आपको यह सब ख़ुद करने की ज़रूरत नहीं है। Ecorus सौर पैनलों का विशेषज्ञ है और Haag Wonen की ओर से आपके लिए सारे काम करता है।

**इसकी इंस्टॉलेशन पूरी तरह से मुफ्त है और इस से आपकी बिजली की लागत कम हो जाएगी।**
आप हर महीने प्रत्येक सौर पैनल के लिए € 3.30 सेवा शुल्क का भुगतान करते हैं। सौर पैनल स्थायी बिजली उत्पन्न करते हैं, जिसे आपको अब अपने बिजली के सप्लायर से खरीदने की आवश्यकता नहीं है। इसके नतीजे में आपका बिजली का बिल कम हो जाएगा जबकि आपका उपयोग समान रहेगा और आप पैसों की बचत करेंगे। संक्षेप में कहें तो यह एक शानदार डील है!

**क्या आप जानना चाहते हैं कि आप कितनी बचत कर सकते हैं?**
आपके घर को 4,6, 8 या 10 सौर पैनलों से जोड़ा जा सकता है। नीचे आप देख सकते हैं कि आप कितनी बचत कर सकते हैं।

| **सौर पैनलों की संख्या** | **4 पैनल प्रति वर्ष 1377 kWh प्रदान करते हैं** | **6** पैनल प्रति वर्ष **2066** kWh प्रदान करते हैं | **8** पैनल प्रति वर्ष **2754** kWh प्रदान करते हैं | **10** पैनल प्रति वर्ष **3443** kWh प्रदान करते हैं |
|---|---|---|---|---|
| प्रति वर्ष बिजली की लागत पर बचत | € 413 | € 619 | € 826 | € 1032 |
| प्रति वर्ष सेवा शुल्क | € 159 | € 238 | € 317 | € 396 |
| प्रति वर्ष बचत | € 254 | € 381 | € 509 | € 636 |

*यह गणना बिजली के सबसे बड़े सप्लायरस की औसत बिजली की कीमत के आधार पर की गई थी। वर्तमान में यह कीमत €0.30 प्रति kWh है।

**क्या आप भी:**

- बिजली की लागत पर बचत करना चाहते हैं
- बिजली के सप्लायरस द्वारा कीमत में वृद्धि पर कम निर्भर होना चाहते हैं?
- अपने बिजली के मीटर को नीचे जाता देखना चाहते हैं?
- पर्यावरण के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं?

**तो फिर सौर पैनल चुनें! आपको यह सब करना होगा:**
6 अक्टूबर 2023 से पहले Ecorus में आवेदन करें। ऐसा करने के 3 तरीके हैं:

- वेबसाइट www.zonnighaagwonen.nl पर जाएं और रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें;

- समझौते के पत्र को पूरा भरें और इसे साथ दिए गए स्व-संबोधित लिफाफे में नि: शुल्क वापस भिजवाएं (कोई टिकट आवश्यक नहीं है);
- Ecorus को +31 (0)85 130 67 20 पर कॉल करें और किसी कर्मचारी के पास ख़ुद को रजिस्टर कराएं।

**वो बातें जो आपको पता होनी चाहिए:**
क्या आपने शामिल नहीं होने का फैसला किया है? फिर भी इंस्टॉल करने वालों को आपके मीटर के बॉक्स से नीचे के पड़ोसियों के लिए एक तार इंस्टॉल करने की ज़रूरत पड़ सकती है। इसके लिए थोड़ी ड्रिलिंग करने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए हमें आपके घर का उपयोग करने की ज़रूरत पड़ सकती है। यह काम हमेशा आपके साथ परामर्श के बाद ही किया जाता है और हम आपके सहयोग पर निर्भर होते हैं। हम सबसे पहले आपसे एक अपॉइंटमेंट लेंगे क्योंकि इसके लिए आपका घर में मौजूद होना ज़रूरी है। तार को इंस्टॉल करने में चार घंटे तक का समय लगेगा।

**क्या आप अधिक जानना चाहेंगे?**

फ़्लायर, प्रश्न और उत्तर देखें या www.zonnighaagwonen.nlपर जाएं।

आप +31(0)85 130 67 20 पर कॉल भी कर सकते हैं या haagwonen@ecorus.comपर ईमेल भेज सकते हैं।

शुभकामनाओं सहित,
मार्को वैन डेन एंडे (Marco van den Ende)
Haag Wonen

# सौर पैनलों के बारे में प्रश्न और उत्तर

## कृपया इसे इंस्टॉलेशन से पहले पढ़ें

### सौर पैनल... यह वास्तव में कैसे काम करता है?

सौर पैनल सूर्य से प्रकाश को बिजली में परिवर्तित करते हैं। इन्वर्टर आपके उपकरणों के लिए सौर ऊर्जा को बिजली में परिवर्तित करते हैं। बिजली एक तार के माध्यम से आपके मीटर के बॉक्स में प्रवेश करती है। क्या बाहर रोशनी है? फिर बिजली सीधे आपके मीटर के बॉक्स के माध्यम से आपके उपकरणों पर जाती है। आप जितनी बिजली का आप उपयोग नहीं करते वह तुरंत बिजली ग्रिड में चली जाती है। क्या अंधेरा होने पर आपको बिजली की ज़रूरत होती है? तो आप बिजली ग्रिड से बिजली प्राप्त कर सकते हैं।

### मुझे सौर पैनल चाहिए। आप इसके लिए आवेदन कैसे कर सकते हैं?

6 अक्टूबर 2023से पहले www.zonnighaagwonen.nl पर जाकर Ecorus पर रजिस्टर करें। आप +31 (0)85 130 67 20 पर भी कॉल कर सकते हैं या समझौता पत्र भर कर और इस पर हस्ताक्षर करके और इसे पूरा करके एक स्व-संबोधित लिफाफे के साथ Ecorus को मुफ्त में भेज सकते हैं। इस पत्र को प्राप्त करने के बाद, Ecorus का कोई कर्मचारी भी आप से संपर्क कर सकता है।

### मैं समझौते का क्या करूँ?

हमें आपकी मंजूरी की जरूरत है। अन्यथा, हम आपके घर को सौर पैनलों से नहीं जोड़ पाएंगे। अनुमोदन पत्र पूरा करके और इस पर हस्ताक्षर करके हमें मुफ़्त में भिजवाएं। इसे इस पत्र के साथ संलग्न लिफाफे में भी भेजा जा सकता है।

### क्या मैं सौर पैनलों के लिए मासिक भुगतान करने की तुलना में अपने बिजली बिल पर अधिक बचत करूंगा?

हाँ। सौर पैनलों द्वारा उत्पन्न बिजली के माध्यम से आपके बिजली के बिल पर होने वाली बचत आपकी सेवा की लागत से अधिक होती है। यदि आपकी बिजली की खपत समान रहती है।

*कृपया ध्यान दें: अपेक्षित बचत से कोई भी अधिकार सिद्ध नहीं किया जा सकता। आपकी बचत आपकी व्यक्तिगत बिजली की खपत और इस बात पर निर्भर करती है कि आप इसके लिए कितना भुगतान करते हैं। आपके द्वारा अपने बिजली के सप्लायर को भुगतान की जाने वाली फीस आपके वार्षिक चालान पर देखी जा सकती है।*

### अगर मैं इन्हें इंस्टॉल कराना चाहूँ तो मुझे सौर पैनल कब तक मिल सकते हैं?

रजिस्ट्रेशन की समय सीमा के एक सप्ताह बाद, हम देखेंगे कि क्या आपके पड़ोसी भी सौर पैनल लगवाना चाहते हैं। फिर हम इंस्टॉलेशन के लिए एक शेड्यूल बनाते हैं। यदि यह योजना आगे बढ़ती है, तो हम अक्टूबर 2023 से सौर पैनल इंस्टॉल करेंगे।

### मैं सौर पैनलों के लिए भुगतान कब शुरू करूँ?

इंस्टॉलेशन तैयार होने के पहले महीने के बाद, आप सौर पैनलों के उपयोग के लिए भुगतान करना शुरू कर देंगे। इसलिए,

उदाहरण के लिए, यदि सौर पैनल नवंबर में उपयोग के लिए तैयार होते हैं, तो आप दिसंबरसे भुगतान करेंगे।

**मेरी छत पर फिट होने वाले सौर पैनलों की संख्या कैसे निर्धारित की जाती है?**
Ecorus गिनती करता है कि छत पर कितने सौर पैनल फिट हो सकते हैं। वे छत पर आसमान की रोशनी, पाइप या अन्य चीजों को ध्यान में रखते हैं। वे सौर पैनलों पर पड़ने वाली छाया को भी ध्यान में रखते हैं, उदाहरण के लिए पेड़ों के कारण छाया। इस डेटा के आधार पर यह निर्धारित किया जाता है कि छत पर कितने सोलर पैनल फिट हो सकते हैं और वे किस तरह से सबसे ज्यादा बिजली पैदा करेंगे।

**क्या सौर ऊर्जा सुरक्षित है?**
उपयोग की जाने वाली सामग्री सुरक्षा नियमों का अनुपालन करती है और इसमें CE लेबल लगा होता है। इसके कारण सौर पैनल आपके घर में किसी भी अन्य घरेलू बिजली के उपकरण की तरह सुरक्षित हो जाते हैं।

**क्या सौर पैनल या इन्वर्टर रेडिएशन छोड़ते हैं?**
नहीं, सौर पैनल या इन्वर्टर रेडिएशन उत्पन्न नहीं करते हैं।

**Ecorus कौन है?**
Ecorus पिछले 10 से अधिक वर्षों से हाउसिंग कार्पोरेशनस को उनकी स्थिरता योजनाओं को लागू करने में मदद कर रहा है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक किरायेदार सौर ऊर्जा से लाभ प्राप्त करें।

## इंस्टॉलेशन के दौरान

**मेरे घर में क्या कुछ किया जाना चाहिए?**
Ecorus सौर पैनलों को छत पर रखता है। इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया आपके मीटर के बॉक्स से शुरू होती है और इंस्टॉल करने वाला आपकी छत तक एक तार ले जाता है। Ecorus का इंस्टॉल करने वाला व्यक्ति इस पर अधिकतम चार घंटे तक काम करेगा। इंस्टॉलेशन के बाद आपको तुरंत एक स्पष्टीकरण मिलेगा कि सब कुछ कैसे काम करता है और आप यह कैसे देख सकते हैं कि आप कितने पैसों की बचत करने जा रहे हैं।

## इंस्टॉलेशन के बाद

**मैं पावर आउटपुट कैसे ट्रैक करूं?**
Eleena सौर मीटर में एक डिस्प्ले है जो आपको इंस्टॉलेशन का प्रदर्शन दिखाता है। आप अन्य चीजों के अलावा सौर पैनलों के दैनिक उत्पादन और साथ ही इंस्टॉलेशन के समय से सौर पैनलों का आउटपुट भी देख सकते हैं। एक स्वचालित निगरानी सिस्टम द्वारा सौर पैनलों के संचालन को लगातार दूर से मापा जाता है और इसकी निगरानी की जाती है। यदि सिस्टम नोटिस करता है कि आपके सौर पैनल अपेक्षा से कम बिजली का उत्पादन कर रहे हैं तो स्वचालित रूप से Ecorus को एक नोटिफ़िकेशन भेजी जाती है। फिर वे इसकी सर्विस करने के लिए आपसे संपर्क करेंगे।
आप Eleena सौर मीटर के साथ यह भी देख सकते हैं कि आपके सौर पैनल हर दिन कितनी बिजली उत्पन्न करते हैं। Eleena सौर मीटर को आपके मोबाइल फोन या टैबलेट पर एक ऐप के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है। इंस्टॉलेशन के दो हफ़्ते बाद आप आउटपुट को ऑनलाइन देख सकते हैं। ऐसा करने के लिए आपको ईमेल द्वारा लॉगिन संबंधित

जानकारी प्राप्त होगी।

**क्या मैं तुरंत अपने बिजली बिल पर बचत करना शुरू कर सकता हूँ?**

हाँ, आप कर सकते हैं! यदि आप अपने बिजली के बिल पर बचत करना तुरंत शुरू करना चाहते हैं तो आप अपने बिजली के सप्लायर के माध्यम से इंस्टॉलेशन के तुरंत बाद अपनी मासिक राशि को कम कर सकते हैं। आप मासिक राशि में बदलाव न करने का विकल्प भी चुन सकते हैं। फिर आपको वर्ष के अंत में अपने बिजली के सप्लायर से अपने पैसे वापस मिल जाएंगे जबकि आपका उपयोग समान रहेगा।

**यदि मैं सौर पैनलों के उत्पादन की तुलना में अधिक बिजली का उपयोग करता हूँ तो क्या होगा?**

तो फिर आप शेष बिजली अपने बिजली के सप्लायर से खरीद सकते हैं। इस तरह आपके पास हमेशा अपनी जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध रहेगी।

**यदि मैं सौर पैनलों के उत्पादन की तुलना में कम बिजली का उपयोग करता हूँ तो क्या होगा?**

तो फिर आपके बिजली बिल पर बचत थोड़ी कम हो सकती है।

**क्या मुझे सौर पैनलों को साफ करने की ज़रूरत है?**

नहीं, यह आवश्यक नहीं है। विशेष सुरक्षात्मक परत पैनलों को साफ रखती है। आपको सौर पैनलों को साफ नहीं करना चाहिए। आप Eleena Sun Meter के माध्यम से स्वयं पैनलों के संचालन की जांच कर सकते हैं। Ecorus सौर पैनलों के आउटपुट की भी निगरानी करता है। यदि आउटपुट में कोई अनपेक्षित बदलाव आता है तो Ecorus आपसे संपर्क करेगा।

**अगर मैं कहीं स्थानांतरित होता हूँ तो क्या होगा?**

यदि आप स्थानांतरित होते हैं तो सौर पैनल उसी संपत्ति पर रहेंगे और अगला किरायेदार उनका उपयोग कर पाएगा। जब आपके घर का किराये का समझौता समाप्त हो जाएगा, तो सौर पैनलों के लिए आपका समझौता भी समाप्त हो जाएगा।

**Haag Wonen इतनी सस्ती कीमत पर सौर पैनलों को क्यों बेच सकता है?**

Haag Wonen के माध्यम से आप सौर पैनलों को स्वयं खरीदे बिना उन्हें इंस्टॉल करा सकते हैं। क्योंकि हम एक ही समय में कई पैनल इंस्टॉल करते हैं, इसलिए हम बहुत वाजिब कीमत पर ऐसा करने में सक्षम हैं।